

O-302

Roll No. ..............................

Higher Secondary Examination (Regular) - 2021

हिन्दी (सामान्य)

HINDI (General)

| Total Questions : 28 | Total Printed Pages : 8 | Time : 3 Hours | Maximum Marks : 100 |
|---|---|---|---|

0-302

Higher Secondary Examination

(Regular) - 2021

**हिन्दी (सामान्य)** HINDI (General)

1. **उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

(i) **यशोधरा ने वसंत - को कहा है। (सिद्धार्थ | राहुल)**

(ii) **यशोदा ने देवकी को - के माध्यम से संदेश भेजा । (अक्रूर / पथिक)**

(iii) **प्रत्येक शब्द में - समास है । (अव्ययीभाव | कर्मधारय)**

(iv) **राष्ट्रमाता - को कहा जाता है । (लक्ष्मीबाई | कस्तूरबा)**

(v) **बल में का निवास है । (देवत्व का | पुरुषत्व का)**

2. **सत्य / असत्य का चयन कर लिखिए :**

(i) **छत्रसाल की तलवार शेषनाग की संगिनी के समान थी** 18

(ii) **'बीमार का इलाज' निबन्ध है ।**

(iii) **रवीन्द्र नाथ टैगोर दर्शनशास्त्र की पुस्तक पढ़ रहे थे ।**

(iv) **लोकोक्ति वाक्यांश होती हैं ।**

(v) **अर्थ की दृष्टि से वाक्य आठ प्रकार के होते हैं ।**

3. **सही जोड़ी बनाइए :**

| | |
|---|---|
| (i) ठेस | (अ) भारतेन्दु युग |
| (ii) निबन्ध का उद्‌भवकाल | (ब) मुहावरा |
| (iii) हिमालय और हम | (स) कहानी |
| (iv) सूरदास | (द) वात्सल्य |
| (v) बाल-बाल बचना | (इ) गोपाल सिंह नेपाली |
| | (फ) बालकवि बैरागी |

4. सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(i) भूषण की कविता में प्रधानता है -

(अ) शृंगार रस की (ब) वीर रस की (स) करुण रस की (द) भयानक रस की

(ii) बीमार का इलाज एकांकी का मुख्य पात्र है -

(अ) शशिकांत (ब) देवकांत (स) चंद्रकांत (द) रमाकांत

(iii) दुनिया में दो अमोघ शक्तियाँ हैं -

(अ) शब्द और अक्षर (ब) शब्द और अर्थ (स) शब्द और वाक्य (द) शब्द और काम

(iv) तदर्थ शब्द है -

(अ) प्रशासनिक (ब) मानविकी (स) विधिक (द) वैज्ञानिक

(v) अंधों में काना राजा लोकोक्ति है -

(अ) नीति विषयक (ब) व्यंग्य विषयक (स) गीत विषयक (द) चेतावनी विषयक

5. एक शब्द/ वाक्य में उत्तर लिखिए :

(i) मंत्री ने राजा को क्या सलाह दी ?

(ii) कवि किससे वरदान की अपेक्षा करता है ?

(iii) पर्वतराज किसे कहा जाता है ?

(iv) साधारण वाक्य किसे कहते हैं ?

(v) शब्द-युग्म किसे कहते हैं ?

6 नालंदा विश्वविद्यालय में कौन से तीन पुस्तकालय थे ?

अथवा

कन्याकुमारी में कौन-कौन से समुद्रों का मिलन होता है ?

7. बापू ने अक्षरज्ञान में किन विषयों पर बल दिया ? और क्यों ?

अथवा

भारत में बौद्धिक पुनर्जागरण की प्रक्रिया में किस किसका योगदान रहा ?

8 निबन्ध का विकासक्रम लिखिए ।

अथवा

विषय के आधार पर निबन्ध के भेद लिखिए ।

9 भारतेन्दु युग के निबन्धों की दो विशेषताएं लिखिए ।

अथवा

किन्हीं दो अप्रवासी भारतीय निबन्धकारों के नाम लिखिए ।

10 बहुव्रीहि समास की परिभाषा लिखिए ।

अथवा

समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए :

(i) गंगा-यमुना

(ii) तुलसीकृत

11 निम्नलिखित भिन्नार्थक समोच्चारित शब्दों के अर्थ लिखिए :

(i) दिन, दीन

(ii) प्रसाद, प्रासाद

अथवा

निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए :

(i) फेर

(ii) घटा

12 कोई चार पारिभाषिक शब्द लिखिए ।

अथवा

पारिभाषिक शब्द की परिभाषा लिखिए ।

13 निम्नलिखित शब्दों में से मानविकी एवं विधिक शब्दों को छाँटिए :

(i) प्रजातंत्र

(ii) साक्ष्य

(iii) याचिका

(iv) पत्रकारिता

अथवा

संक्षेपण किसे कहते हैं ?

14 निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :

(i) प्रिया गीत गाती है । (आज्ञार्थक)

(ii) वह फल खरीदने के लिए बाजार गया । (संयुक्त वाक्य)

अथवा

निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(i) मुझे एक मोती का हार दे दो । ।

(ii) वह अपना भोजन आप ही बना लेती है ।

15 निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) भीष्म प्रतिज्ञा करना

(ii) पाँव उखड़ना

अथवा

भाव विस्तार कीजिए : 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे ।'

16 कवि गोपालसिंह नेपाली ने गंगाजल की क्या विशेषता बतलाई है ?

अथवा

माँ किस प्रकार की शिक्षा देती है ?

17 यशोदा स्वयं को कृष्ण की धाय क्यों कहती हैं ?

अथवा

युद्ध के समय किसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई पड़ती थी ?

18 कवि गोपालसिंह नेपाली के अनुसार हिमाकी छाया में रहने क क्या

अथवा

दोहरी-दोगली सभ्यता से क्या आशय है।

19 सिरचन कौन-कौन सी वस्तुएँ बनाने में प्रवीण था ?

अथवा

कस्तूरबा को किन ग्रन्थों में असाधारण श्रद्धा थी ?

20 गाँधी जी का शिक्षा के प्रति क्या दृष्टिकोण था ?

अथवा

चेन्नई में हिन्दी प्रचार सभा क्या-क्या कार्य कर रही है ?|

21 मंत्री जी क्यों उदास थे ?

अथवा

पुस्तकें किन षड़यंत्रों का शिकार होती है ?

22 यशोदा ने कृष्ण को वन की क्या-क्या कठिनाई बताई ?

अथवा

छत्रसाल की बरछी की विशेषताएँ लिखिए ।

23 केरल के गाँवों की कौन-कौन सी विशेषताएँ हैं ?

अथवा

परं उच्च लक्ष्य का तात्पर्य क्या है ?

24 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए :

उनकी शांति-कांति की ज्योत्सना,

जगती है पल-पल में,

शरदातप उनके विकास का,

सूचक है थल थल में ।

नाच उठी आशा प्रति दल पर,

किरणों की झलझल में,

खुला सलिल का हृदय-कमल खिल

हंसों की कल-कल में ॥

अथवा

उल्टे बाँस बरेली को

योग-साधना-धर्म-नीति

सब उल्टे हमें परोसे जा रहे हैं ।

वास्तुकला हुई फैंगसुई

सत्वज्ञान को रेकी बता रहे हैं ।

हम कहाँ जा रहे हैं ॥

25 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

सब देश विद्या प्राप्ति को

सतत यहाँ आते रहे,

सुरलोक में भी गीत ऐसे

देव-गण गाते रहे,

है धन्य भारतवर्ष वासी,

धन्य भारतवर्ष है,

सुरलोक से भी सर्वथा,

उसका अधिक उत्कर्ष है ॥

(i) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए ।

(ii) सुरलोक में देवगण किसकी वंदना कर रहे हैं ?

(iii) सभी देश विद्या प्राप्ति के लिए कहाँ आते रहे हैं ?

(iv) उपर्युक्त पद्यांश का भावार्थ लिखिए ।

26/निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

विचारों के आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम भाषा है |भाषा अध्ययन छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वर्ण भूमिका निभाता है । इसलिए भाषा अध्ययन अध्यापन का उद्देश छात्रों चहुंमुखी विकास के उत्तरदायित्व का निर्वहन भी है | भाषा का अध्यन विद्यार्थि को संस्कारवान बनाता है । धर्म, दर्शन, कला, विज्ञान, तकनीक आदि की विषयवस्तु आत्मसात करने के लिए भाषा का ज्ञान आवश्यक है। हिन्दी भाषा का अध्ययन करने से हम लोक परम्परा, साहित्य आदि के क्षेत्र में हम अपनी विरासत पर गर्व करते हुए आधुनिक चेतना के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास कर सकते हैं ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए ।

(ii) भाषा का ज्ञान क्यों आवश्यक है ?

(ii) भाषा अध्यापन का उद्देश्य क्या है ?

(iv) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए ।

27 ध्वनि-विस्तारक यंत्रों पर रोक लगवाने हेत जिलाधीश को पत्र लिखिए ।

अथवा

छात्रावास में रहने वाले भाई को कोरोना संक्रमण से बचने के उपाय बताते हुए पत्र लिखिए ।

28 (अ) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए :

(i) समय का महत्व

(ii) प्रदूषण रोकने में वनों की भूमिका

(iii) मेरे सपनों का भारत

(iv) जल संरक्षण

(v) इंटरनेट की उपलब्धियाँ और सीमाएँ

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए

(i) बेकारी की समस्या

(ii) राष्ट्रीय खेल

(iii) प्रिय कवि : तुलसीदास

**(**iv) **नारी सशक्तिकरण**

**(**v) **मेरा प्रिय त्यौहार**